## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य की 6 बेटियों का नाम पीएससी के टॉप-10 लिस्ट में

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2022 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इसमें सारिका मित्तल रायगढ़ प्रथम स्थान पर, शुभम देव दूसरे और श्रेयांश पतेरिया तीसरे स्थान पर रहे। पीएससी से जारी अंतिम परिणाम में बेटियों ने बाजी मारते हुए टॉप-10 के 6 स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है। याने टॉप-10 की लिस्ट में प्रदेश की 10 बेटियों का नाम शामिल है। इनके अलावा डीएसपी पद के लिए महिला उम्मीदवार सुमन जायसवाल ने टॉप किया है। सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

### महिलाओं से 7 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला से अन्य महिलाओं को भरोसा में लेकर 7 लाख 20 हजार की ठगी कर ली। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सकुंतला निषाद 58 वर्ष ग्राम अटारी की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया वीणा निषाद ने प्रार्थिया एवं गांव के अन्य 8 से 10 महिलाओं को भरोसा में लेकर बैंकों से पैसा 7 लाख 20 हजार रुपए निकालकर अपने निजी उपयोग कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया व अन्य महिलाओं को मिली तो उसने इसकी शिकायत कबीरनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रेन से टकराने से कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा परिवार

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और प्रबंधन और प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। दीपका चौक कोरबा-हरदीबाजार से बिलासपुर की ओर जाने के लिए एकमात्र रास्ता है। इसी मार्ग में ट्रक और रेलवे के माध्यम से कोयला का परिवहन एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किया जाता है। इससे मार्ग में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सोमवार को हुई दुर्घटना से रेलवे प्रबंधन की घोर लापरवाही सामने आई। बताया जा रहा है कि रायपुर से बाल्को अपनी ब्रेजा गाड़ी में आ रहे कौशिक परिवार दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। वाहन में अन्नपूर्णा कश्यप, रविकांत कौशिक, बृहस्पति कौशिक व श्यामंता देवी सवार थे। जब वाहन क्रासिंग पहुंचा, तब ट्रेन की चपेट में आने के बाद बाल-बाल बच गया। पर वाहन ठोकर लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों का कहा है कि इतने व्यस्त मार्ग में केवल एक तरफ फाटक लगाया गया है और दूसरी ओर फाटक नहीं लगाया गया था। इसकी वजह से कई बार हादसा होते-होते बच गया। बावजूद रेलवे प्रबंधन अभी तक फाटक लगाने की जरूरत तक नहीं समझ रहा है।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर की गई कार्यवााही

**71 वाहनों से 76700 रूपए वसूला गया जुर्माना**

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा श्री शशिकांत कुर्रे और तहसीलदार दर्री श्री राजेन्द्र भारत के नेतृत्व में सर्वमंगला, कुसमुंडा, इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती हेतु कार्यवाही की गई। जिसमें इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सडक़ में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों पर 76 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

# 3.57 करोड़ रुपए गबन का मुख्य आरोपी ग्रामीण बैंक का मैनेजर समेत एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

- प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर के नेतृत्व में कोतरा रोड पुलिस ने आरोपियों को अजमेर राजस्थान से पकड़कर लाई रायगढ़
- 165 केसीसी खातों से हेरा-फेरी कर फरार था आरोपी, गबन के 2 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा कुटरचित तरीके से 165 केसीसी खाता धारकों के खातों में छेड़खानी कर 3.57 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी ग्रामीण बैंक किरोडीमलनगर के पूर्व शाखा प्रबंधक और अपराध में उसकी सहयोगी मां बीना शर्मा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 20.07.2022 को थाना कोतरारोड़ में छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा, किरोडीमल नगर के प्रभारी शाखा प्रबंधक संदीप ठाकुर (उम्र 28 वर्ष) द्वारा बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक राहुल कुमार शर्मा पर बैंक के गेट, तिजोरी एवं FRFC की चाबी, बैंक का मोबाइल हैंड सेट, सिम लेकर फरार हो जाने का लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर गबन (धारा 409 आईपीसी) का अपराध दर्ज कर पुलिस ने 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक राहुल कुमार शर्मा घटना के बाद से अपने निवास स्थान अजमेर राजस्थान से फरार हो गया था। कोतरारोड़ पुलिस स्थानीय मुखबिर एवं साइबर सेल से आरोपी और सहआरोपी उसके मां बीना शर्मा पर निगाह रखे हुए थी। ममले की गंभीरता को देखते हुये प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा अजमेर राजस्थान में अपने सूत्रों से आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाया गया, जिनके मूल निवास पर होने की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को अवगत कराकर उनके निर्देशन पर प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर के नेतृत्व में थाना कोतरारोड की टीम तैयार कर तत्काल पुलिस टीम अजमेर राजस्थान के लिए रवाना हुई। पुलिस टीम आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दिया गया, शातिर आरोपियों द्वारा घर के बाहर ताला लगाए हुए थे। पुलिस टीम गोपनीय तरीके से आरोपियों पर निगाह रखे हुए थे जिनके मुख्य दरवाजे में ताला लगाकर अंदर में रहने की जानकारी पुख्ता होने पर स्थानीय पुलिस के साथ लेकर पुलिस टीम दबिश देकर आरोपी राहुल कुमार शर्मा और उसकी मां बीना शर्मा को हिरासत में लेकर स्थानीय न्यायालय में पेश कर ट्रांजिस्ट रिमांड लिया गया। दिनांक 05.09.2023 को ट्राजिस्ट रिमांड पर रायगढ़ लाये गए दोनों आरोपियों को रायगढ़ न्यायालय पेश कर आरोपिया बीना शर्मा ( 58 साल) अजमेर राजस्थान का न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया तथा मुख्य आरोपी राहुल कुमार शर्मा का 02 दिन का पुलिस रिमांड लेकर विस्तृत पूछताछ किया गया।

आरोपी राहुल शर्मा ने पूछताछ में अपराध का वृतांत बताया कि उसने ग्रामीण बैंक का प्रबंधक रहते हुए ग्राहकों के द्वारा केसीसी लोन, गोल्ड लोन लेने वाले आवेदन में छेड़छाड कर लोन रकम को उनके जानकारी के बगैर दुगना कर सह आरोपी – बीना शर्मा, के. हरिप्रिया, राहुल मेहता, अवकाश मेहता और कुणाल वर्मा के खाते में ट्रांसफर कर उनको हिस्सेदारी देकर स्वयं रुपए निकाल लेता था। आरोपी ने बताया कि ठगी के रकम से करीब डेढ़ करोड़ रुपये उसने शेयर मार्केट में लगाया जिसमें उसे काफी नुकसान हुआ है। उसने काफी पैसे ऑनलाइन जुआ, घूमने-फिरने और दोस्तों में खर्च करना बताया है। आरोपी के बैंक डिटेल लेने पर आरोपी के बैंक खाते में कुछ रकम शेष थे जिसे कोतरारोड पुलिस होल्ड कराया गया है। आरोपी राहुल शर्मा के पास से बैंक डिटेल, एटीएम, शासकीय लैपटॉप, 02 मोबाइल व सिम जिसे लेकर फरार था जब्त किया गया है। पूर्व में गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपी के. हरिप्रिया, राहुल मेहता एवं बीना शर्मा के बैंक खाते भी होल्ड हैं। अपराध में शामिल दो आरोपी अवकाश मेहता और कुणाल वर्मा फरार है। आरोपी कुणाल वर्मा की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम रायपुर दबिश दिया गया, आरोपी फरार है, मुखबिर सक्रिय है।

प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, थाना प्रभारी कोतरारोड़ के नेतृत्व में बनायी गई टीम में सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, महिला आरक्षक किशोरी चौहान, आरक्षक शिवानंद प्रधान और टिकेश्वर यादव की आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी –

(1) राहुल शर्मा पिता स्व. दीपचंद शर्मा उम्र 36 साल निवासी न्यू गोविंद नगर गली नं. 05 एफ थाना रामगंज जिला अजमेर (राजस्थान)

(2) बीना शर्मा पिता स्व. दीपचंद शर्मा उम्र 58 साल निवासी न्यू गोविंद नगर गली नं. 05 एफ थाना रामगंज जिला अजमेर (राजस्थान)

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव : कई मतदान केंद्रों पर लाइव नजर रखेंगे अधिकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में इस दफा पहली बार ऐसा होगा जब जिले के आधे से ज्यादा मतदान केंद्रों में क्या हो रहा है? इसका लाइव प्रसारण प्रशासन के कंट्रोल रूम में होगा।

अफसर वहां बैठकर एक एक गतिविधियों को देखेंगे।

इस लाइव टेलीकास्ट को रायपुर के ही नहीं बल्कि दिल्ली वाले अफसर भी देख सकेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी या विवाद होने पर तुरंत अफसर पहुंचेगे। मतदान केंद्रों में लाइव प्रसारण के दौरान नेटवर्क स्ट्रांग रहे और बिना किसी रुकावट काम करे, इसके लिए अफसरों को अभी से जिम्मेदारी दे दी गई है। मतदान केंद्रों में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टोरेट में बैठक ली गई। इसमें खासतौर पर बलौदाबाजार विधानसभा के अफसर भी मौजूद थे।



अफसरों से कहा गया कि पिछले चुनाव में अगर किसी मतदान केंद्र में गड़बड़ी हुई हो तो इस बार वही स्थिति न हो इसके लिए अभी से उपाय करें। सभी अफसर ईवीएम मशीन की भी जांच कर लें। मतदान के समय किसी भी मशीन में कोई खराबी नहीं आनी चाहिए।

सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दल के सदस्यों के मोबाइल नंबर अपने पास रखें और मोबाइल हर स्थिति में चालू रखें। मतदान के एक दिन पहले देर शाम या रात को अपने सेक्टर के मतदान दलों से जाकर मुलाकात भी करें। यह भी कहा गया कि रिजर्व ईवीएम सुरक्षित स्थान और सुरक्षा बलों की निगरानी में ही रखे जाएं।

## प्रेमिका को जिंदा जलाने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**बलौदाबाजार-रायपुर(आरएनएस)।** प्रेमिका को मिट्टीतेल डालकर जिंदा जलाने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है वहीं आरोपी को सहयोग करने वाले को तीन वर्ष की सजा सुनाई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामला थाना सुहेला क्षेत्र के ग्राम मल्दी का है। यहां रहने वाले आरोपी अजय वर्मा ने गांव में ही रहने वाले अपनी प्रेमिका गंगा यादव के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर मार डाला था। इस मामले में आरोपी का सहयोग करने वाले अमनचंद रौतिया को न्यायालय ने 3 साल की सजा सुनाई है। बताया जाता है कि 16-17 अगस्त 2020 को आरोपी ने मृतका गंगा यादव को मिलने के लिए गांव के ही एक सामुदायिक भवन में बुलाया था। यहां विवाद होने पर आरोपी ने अपने पास रखे मिट्टीतेल को गंगा के ऊपर छिडक़ कर उसे जिंदा जला दिया था।

## मालिक का पैसा गबन करने अपने ही दोस्तों से कराई लूट, मुंशी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के तरौद चौक के पास एक अनाज व्यापारी के ऑफिस में घुसकर कट्टे की नोट पर मुंशी से 6 लाख 60 हजार रुपए की लूटने की रिपोर्ट फर्जी निकली। दरअसल राईस मिल में काम करने वाले मुंशी ने खुद षडयंत्र रचकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूट की कहानी बनाई। किंतु पुलिस ने षडयंत्र का पर्दाफाश करते हुए आरोपी मुंशी को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा में अनाज व्यापारी व्यापारी व्यास राम कश्यप की शर्मा राइस मिल में काम करने वाले मुंशी राखी राम कश्यप (30)ने बुधवार को अकलतरा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हेलमेट पहने 2 लोग सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस में आफिस पहुंचे और उसकी आंख में मिर्च पाउडर झोंककर कट्टे की नोंक पर टेबल की दराज में रखे 6 लाख 60 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। मुंशी ने पुलिस को बताया कि उसने पैसा कलेक्शन कर पिछले 2 दिनों से घर पर रखा था और आज ही देने के लिए लाया था।

मामले में पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ धारा 392, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया था। जांच के दौरान पाया गया कि लूट की घटना सीसीटीव्ही में कैद हो गई है कितु आरापियों के द्वारा हेलमेट पहने होने की वजह से उनकी पहचान नही हो पा रही है। विवेचना दौरान आसपास के लोगो को घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ किया गया जो प्रार्थी राखीराम के बयान एवं रिपोर्ट में विरोधाभाष पाया गया। जिसके बाद राईस मिल के संचालक ब्यास कश्यप ने भी मुंशी राखीराम के द्वारा दर्ज करायें गयें रिपोर्ट संदेहास्पद बताया।

जिसके बाद पुलिस ने राखीाराम से कड़ाई से पुछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबुल कर लिया एवं बताया कि उसने की अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर षडयंत्र बनाकर अपने साथियो से ही लूट कराने की बात कही। राखीराम ने फर्जी लूट के बाद अपने साथियों के 2 लाख 60 हजार रूपये दिये तथा बाकी खुद रख लिया। पुलिस ने आरोपी के घर से 4 लाख रूपए बरामद कर लिये है। मामले में पुलिस ने मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके सहयिोगियों की तलाश कर रही है।

## ओड़िसा और सारंगढ़ पुलिस के साथ बेहतर कॉडिनेशन कर रायगढ़ पुलिस ने अपहरण और आर्म्स एक्ट के हथियारबंद 7 संदेहियों को पकड़ा

- पकड़े जाने के डर से निकाल रखे थे वाहनों के नंबर प्लेट, स्कार्पियो और पिकअप वाहन जब्त कर किए गए ओड़िसा पुलिस के हवाले
- संदेहियों की धरपकड़ में साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की रही अहम भूमिका



**रायगढ़।** दिनांक 06.09.2023 को अपहरण और आर्म्स एक्ट के संदेहियों को पकड़ने में चक्रधरनगर पुलिस की इंटर स्टेट बॉर्डर पर चौंक चौबंध व्यवस्था एवं सीमावर्ती जिले सुंदरगढ़ (ओड़िसा) और सारंगढ़ पुलिस के साथ बेहतर सामंजस्य दिखने को मिला। रायगढ़ पुलिस की टीम ने समय रहते संदेहियों के मंसूबो को फेल कर दिया गया।

दरअसल कल रात्रि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को जिला सुंदरगढ़ के थाना भस्मा में पंजीबद्ध अपहरण और आर्म्स एक्ट मामले के आरोपियों के दो वाहनों से हथियारबंध होकर रायगढ़ की ओर फरार होने की जानकारी ओड़िसा पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा साझा कर आरोपियों की पतासाजी हेतु कहा गया। तत्काल कंट्रोल रूम द्वारा जिले के सभी 11 इंटर स्टेट बॉर्डर पर चेकिंग स्टाफ को अलर्ट किया गया। एसडीओपी धरमजयगढ़ एवं साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा एसडीओपी सुंदरगढ़ (ओड़िसा) हिमांश बेहरा एवं थाना भस्मा से आरोपियों के मोबाइल और अन्य डिटेल लिया गया और साइबर सेल की टीम को लोकेशन ट्रैश करने और थाना प्रभारियों को व्यक्तिगत रूप से व्हाट्सएप से डिटेल शेयर कर पतासाजी के निर्देश दिये। इसी दरम्यान टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव के नेतृत्व में इंटर स्टेट बॉर्डर एकताल चेंकिग में लगे स्टाफ द्वारा उड़ीसा पुलिस से मिले डिस्क्रिप्शन की संदिग्ध पिकअप वाहन के एकताल बेरियर से होकर गुजरने की जानकारी दिये। तत्काल अधिकारियों द्वारा एडिशनल एसपी सारंगढ़ माहेश्वर नाग, थाना प्रभारी सांरगढ निरीक्षक अरूण नेताम को संदिग्ध पिकअप वाहन के संबंध में जानकारी दिया गया और एसडीओपी धरमजयगढ़/ साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव और साइबर सेल के स्टाफ ऐतिहातन सुरक्षा के मद्देनजर शॉर्ट वेपन के साथ संदेहियों की पतासाजी के लिये सारंगढ़ रवाना हुए। टीम द्वारा सारंगढ़ टीआई पुलिस के साथ घेराबंदी कर सारंगढ़ बाईपास पर दो वाहनों में 07 संदेहियों को पकड़ी। संदेहियों ने पकड़े जाने के डर से वाहन के आगे और पीछे के नंबर प्लेट निकाल लिए थे। संदेहियों को रात्रि में उड़ीसा पुलिस के हैंडोवर किया गया है। ओड़िसा पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।एसडीओपी धरमजयगढ़ एवं साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, टीआई सारंगढ अरूण नेताम एवं साइबर सेल के समस्त स्टाफ और चक्रधरनगर थाने के बैरियर में लगे स्टाफ की संदेहियों की धरपकड़ में सराहनीय भूमिका रही है।

## कनकबीरा में मतदाता जागरूकता शिविर संपन्न



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में स्वास्थ्य, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक रूप से सारंगढ़ विकासखंड के कनकबीरा में दिव्यांग एवं सियान सम्मेलन सह जनजागृति शिविर और नववधु सम्मान का आयोजन किया गया। इस शिविर में मतदाता जागरुकता अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणों , कर्मचारियों, बुजुर्ग, नववधुओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ लिया गया। इस अवसर पर दिव्यांग, वरिष्ठजन और नववधुओं को उपहार देकर सम्मान किया गया। शिविर में तीनों विभाग सहित ग्राम पंचायत कनकबीरा की सक्रिय सहभागिता रही।

## सीएससी द्वारा 8 सितम्बर को डिजिटल मड़ई का आयोजन : उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों और बैंकर्स का किया जाएगा सम्मान



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने, सर्वाधिक आय अर्जित करने एवं वित्तीय लेन-देन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 बीसी सखियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में स्वसहायता समूह अपने गांव में ही रहकर बीसी सखी के केंद्र से अपने समूह के खाते का संचालन कर सकते हैं जिससे समूह की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलता है।

डिजिटल फाइनेंस के लिए तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित डिजिटल मड़ई में चयनित बीसी सखियों और बैंकर्स को सम्मानित किया जाएगा। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में 8 सितम्बर को सवेरे 11 बजे से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. मुख्य अतिथि तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक पद्मिनी भोई साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगी। सीएससी के छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा प्रमुख मदन मोहन राउत समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली निर्वाचन के सेक्टर अधिकारियों की बैठक




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को जिले के निर्वाचन से जुड़े सेक्टर अधिकारियो की बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि सभी अपने अपने क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना और त्रुटि सुधार 11 सितम्बर 2023 तक कर सकते हैं। इसके बाद आगामी विधानसभा निर्वाचन तक कोई भी नागरिक ये कार्य नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों की बुनियादी सुविधाओं जैसे मतदान केंद्र भवन, शौचालय, रैंप, पेयजल आदि की स्थिति अच्छी हो और कोई मरम्मत की जरूरत है तो उसे शीघ्र पूरा कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी को अपने मतदान केंद्र के लोकल बॉडी जैसे बूथ लेवल अधिकारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि के मोबाइल नंबर संपर्क रखें। उस क्षेत्र का रूट मैप, आने जाने वाले रास्तों की जानकारी और मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी आदि के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। डॉ सिद्दीकी ने नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कहा कि सभी मतदान केंद्रों में आने जाने के सड़क सुदृण हों और जहां जरूरत हो वहां मरम्मत करें। डॉ सिद्दीकी ने कहा कि 80 वर्षीय बुजुर्ग नागरिकों और दिव्यांग का डाकपत्र में वोटिंग मतदान तिथि के पूर्व किया जाए। जो बुजुर्ग और दिव्यांग मतदान केंद्र में जाकर वोट करना चाहते हैं उनका मतपत्र में वोट लेने की कार्यवाही नहीं करें।

**सीआरसी, वेब कास्टिंग और वोटिंग मशीन की जानकारी**

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को वोटिंग मशीन के सीआरसी और वेब कास्टिंग के बारे में पूछी। मास्टर ट्रेनर अजय ने बैठक में बताया कि सीआरसी, वोटिंग के पहले वोटिंग मशीन का टेस्ट मतदान राजनीतिक पार्टी के अभ्यर्थियों के समक्ष करके दिखाना है और उनसे सही बटन सही काम कर रहे हैं इन सभी का परीक्षण उनके सामने कराया जाता है। उनके आश्वस्त होने के बाद सभी टेस्ट मतदान को क्लीयर किया जाता है और बंद कर फिर चालू करके वास्तविक मतदान के लिए वोटिंग मशीन का उपयोग किया जाता है।

वेब कास्टिंग के बारे में डॉ सिद्दीकी ने बताया कि वेब कास्टिंग, ऐसे मतदान केंद्र जिसमें मतदान के पूरी प्रक्रिया तक लाइव कैमरा रिकॉर्डिंग हो और जिसका सीधा कनेक्टिविटी राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और भारत निर्वाचन आयोग से जुड़ा हो और निरंतर प्रसारित होता रहे।

मास्टर ट्रेनर अजय ने बैठक में सेक्टर अधिकारियो को ईवीएम, सीयू और वीवीपैट मशीन का मतदान के दौरान उपयोग से जुड़े सावधानी के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ इन वोटिंग मशीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, सभी तहसीलदार, समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480